# नॉन एसबीआई-एटीएम चार्ज हुआ महंगा

## सैलरी अकाउंट पर अब केवल 10 फ्री ट्रांजेक्शन ही संभव

**नई दिल्ली, 13 जनवरी. सैलरी अकाउंट धारकों के लिए अब महीने में केवल 10 फ्री ट्रांजेक्शन मिलेंगे, जबकि पहले यह अनलिमिटेड थे. वहीं रेगुलर सेविंग्स अकाउंट में 5 फ्री ट्रांजेक्शन का नियम पहले जैसा ही है. बैंक ने इंटरचेंज फीस बढ़ने को इसका कारण बताया. एसबीआई एटीएम और योनो कैश के माध्यम से ट्रांजेक्शन पूरी तरह फ्री रहेंगे.**

ग्राहकों को सुझाव दिया गया है कि वे अपने फ्री लिमिट ट्रैक करें और डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से शुल्क से बचें. यह बदलाव लाखों ग्राहकों की रोजमर्रा की बैंकिंग पर असर डाल सकता है, खासकर छोटे शहरों में.




स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने नॉन- एसबीआई एटीएम से कैश निकासी और अन्य ट्रांजेक्शन के शुल्क में बदलाव की घोषणा की है. 1 दिसंबर 2025 से लागू हुए नियमों के अनुसार, अब नॉन-एसबीआई एटीएम से कैश निकालने पर फ्री लिमिट खत्म होने के बाद ?23 + जीएसटी देना होगा. नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन जैसे बैलेंस चेक और मिनी स्टेटमेंट पर 11 + जीएसटी चार्ज लगेगा. सैलरी अकाउंट होल्डर्स के लिए बदलाव सबसे बड़ा है. पहले वे अनलिमिटेड फ्री ट्रांजेक्शन कर सकते थे, अब केवल महीने में 10 फ्री ट्रांजेक्शन मिलेंगे. लिमिट खत्म होने के बाद नए शुल्क लागू होंगे. वहीं रेगुलर सेविंग्स अकाउंट धारकों के लिए फ्री ट्रांजेक्शन की संख्या पहले जैसी ही है, 5 फ्री ट्रांजेक्शन हर माह.

बैंक ने कहा कि यह बदलाव इंटरचेंज फीस बढ़ने के कारण किया गया है. इंटरचेंज फीस वह शुल्क है जो बैंक दूसरे बैंक के एटीएम का उपयोग करने पर चुकाता है. बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट और किसान क्रेडिट कार्ड अकाउंट धारकों पर कोई नया शुल्क नहीं लगाया गया है. एसबीआई के एटीएम और योनो कैश से ट्रांजेक्शन पूरी तरह फ्री रहेंगे. ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे अधिकतर एसबीआई एटीएम का उपयोग करें, डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से बैलेंस चेक और फंड ट्रांसफर करें और महीने में फ्री लिमिट ट्रैक करें.

> यह बदलाव विशेष रूप से छोटे शहरों में रहने वाले ग्राहकों को प्रभावित कर सकता है, जहां एसबीआई एटीएम कम हैं. बैंक ने अपने ग्राहकों से अनुरोध किया है कि वे अपने अकाउंट की डिटेल्स नियमित रूप से देखें और आवश्यकता पड़ने पर ब्रांच से संपर्क करें. विशेषज्ञों का कहना है कि डिजिटल और मोबाइल बैंकिंग विकल्पों का अधिक इस्तेमाल करने से ग्राहक अतिरिक्त चार्ज से बच सकते हैं.

# भारत का टैक्स कलेक्शन मजबूत, 8 .82 प्रतिशत बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, 13 जनवरी.** चालू वित्त वर्ष में 11 जनवरी तक भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8.82 प्रतिशत से बढ़कर 18.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया. आयकर विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी.

आयकर विभाग के अनुसार कुल संग्रह में 8.63 लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध कॉर्पोरेट कर संग्रह शामिल है, जबकि व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) और अन्य संस्थाओं सहित गैर-कॉर्पोरेट संस्थाओं से एकत्र किया गया कर 9.30 लाख करोड़ रुपये रहा. एक अप्रैल से 11 जनवरी के बीच प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से 44,867 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ, जो पूंजी बाजारों में स्थिर गतिविधि को दर्शाता है.

# सोना-चांदी दूसरे दिन भी ऑलटाइम हाई

**1 .40 लाख रुपए पार हुआ सोना** | **2 .63 लाख रुपए पहुंची चांदी**

**नई दिल्ली, 13 जनवरी. देश के सर्राफा बाजार में सोना और चांदी ने नया इतिहास रच दिया है. 13 जनवरी को दोनों की कीमतें लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार चांदी दो दिन में करीब के. 20,000 महंगी होकर के.2.63 लाख प्रति किलो तक पहुंच गई है, जबकि 24 कैरेट सोना के.1.40 लाख प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया है.**

डॉलर की कमजोरी, वैश्विक तनाव और मजबूत औद्योगिक मांग इस तेजी को और हवा दे रही है. घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों ने नया रिकॉर्ड बना दिया है. लगातार दूसरे



दिन दोनों कीमती धातुएं ऑल टाइम हाई पर पहुंच गईं. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 6,566 रुपये बढ़कर 2,62,742 रुपये हो गई, जबकि 24 कैरेट सोना 33 रुपये की बढ़त के साथ 1,40,482 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. बीते दो दिनों में चांदी की कीमतों में लगभग 20 हजार रुपये की तेज उछाल देखने को मिली है. वहीं सोने ने भी निवेशकों को चौंकाते हुए नई ऊंचाइयों को छू लिया है. बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और डॉलर की कमजोरी से सोने की मांग तेज हुई है.

> वहीं अमेरिका में संभावित टैरिफ बढ़ोतरी के डर से कंपनियां भारी मात्रा में चांदी का स्टॉक जमा कर रही हैं, जिससे वैश्विक आपूर्ति पर दबाव बढ़ा है. केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार, चांदी इस साल 2 .75 लाख रुपये प्रति किलो तक जा सकती है, जबकि सोना भी साल के अंत तक 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का स्तर पार कर सकता है. निवेशकों के लिए यह दौर ऐतिहासिक तेजी का संकेत दे रहा है.

# शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स 250 अंक टूटा

**मुंबई, 13 जनवरी. विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 250.48 अंक (0.30 फीसदी) टूटकर 83,627.69 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत गिरकर 25,732.30 अंक पर रहा.**

टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, फार्मा, तेल एवं गैस, ऑटो और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे. आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए. सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट और एलएंडटी में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही. रिलायंस इंडस्ट्रीज



और इंडिगो के शेयर भी लगभग दो फीसदी टूटे. मारुति सुजुकी, आईटीसी, अडानी पोर्ट्स और बीईएल के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे. एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए. इटरनल का शेयर सवा तीन फीसदी की बढ़त में बंद हुआ.

टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े. टीसीएस में भी लगभग एक प्रतिशत की तेजी रही. एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.30 प्रतिशत गिर गया. छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.60 प्रतिशत की तेजी रही.

# चावल, गेहूं, चीनी, खाद्य तेलों के दाम बढ़े, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, 13 जनवरी.** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़े. चावल के साथ जहां गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों में भी तेजी रही. वहीं, दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया. औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 21 रुपये बढ़कर 3,863 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी. गेहूं सात रुपये महंगा हुआ और 2,864 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा. आटे की कीमत भी पांच रुपये बढ़ गयी. दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा. तुअर दाल औसतन नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई. वहीं, मसूर दाल के दाम 42 रुपये और मूंग दाल के 35 रुपये बढ़ गये. चना दाल सात रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई.

# भारत-ईरान व्यापार 168 करोड़ डॉलर



**नई दिल्ली, 13 जनवरी. भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय व्यापार महज 168.30 करोड़ डॉलर पर है और इसका संतुलन भारत के पक्ष में है. वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने ईरान को 124.12 करोड़ डॉलर का निर्यात किया और आयात 44.18 करोड़ डॉलर रहा. पिछले चार वर्षों में तीन बार व्यापार में गिरावट दर्ज हुई है.**

भारत ईरान से मुख्य रूप से फलों, सूखे मेवे और खजूर का आयात करता है. ईरान के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार महज 168.30 करोड़ डॉलर है, और इसमें व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में ईरान को 124.12 करोड़ डॉलर का निर्यात किया. यह भारत के कुल निर्यात का 0.14 प्रतिशत है. दूसरी तरफ ईरान से भारत का आयात 44.18 करोड़ डॉलर रहा जो देश के कुल आयात का महज 0.06 प्रतिशत है. दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार के स्तर में पिछले कुछ समय से लगातार गिरावट आ रही है. पिछले चार वित्त वर्षों में से तीन में व्यापार घटा है. इसमें 2023-24 में 20.75 प्रतिशत और 2024-25 में 8.90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी. इससे पहले, 2020-21 में भी यह 9.10 फीसदी घटा था जबकि 2022-23 में 21.77 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी थी. पिछले साल जहां ईरान से आयात में 29.32 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गयी, वहीं निर्यात 0.14 प्रतिशत बढ़ा. भारत ईरान से मुख्य रूप से फलों, सूखे मेवे, खजूर आदि का आयात करता है.


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of The Dy. General Manager (STM-STC) Division Narmadapuram
Email : dgmstmstcnarmadapuram@gmail.com

**NOTICE INVITING E- TENDER**

E-Tenders are invited from eligible bidders **(A4 and Above Current Ragistration Certificate)** for carrying out the following works on semi turn key basis :-

| T.S. No. | Name of Work | Approx. Cost of Work (In Lakhs) | Last Bid Submission Date & Time | Online Opening of Bid |
|---|---|---|---|---|
| 51 Date 13.01.26 | Repl, of 33 KV underground Railway Crossing Cable of 33 KV Jamani Feeder at location Kalmesra under Pathrota DC under O&M Div, Itarsi. | 13.95 | 18.01.2026, 18:30 Hrs. up to 20.01.2026, 15:00 Hrs. | 21.01.2026 after 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/123972/2026 **DGM (STM & STC)**


# रिजर्व बैंक ने खरीदी 50,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई, 13 जनवरी. रिजर्व बैंक ने सोमवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं.**

केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के पास नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के उपायों के तहत यह खरीद की है. यह चार समान किस्तों में दो लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के तहत तीसरी किस्त है. रिजर्व बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने सात तरह की प्रतिभूतियों की खरीद की है जिनकी मियाद साल 2029 से 2053 तक अलग-अलग समय में पूरी हो रही है. इसमें तीन साल, पांच साल, छह साल, आठ साल, नौ साल, 11 साल और 27 साल की प्रतिभूतियां शामिल हैं. इन प्रतिभूतियों पर 6.64 प्रतिशत से 8.32 प्रतिशत ब्याज दर हैं. पहली किस्त में 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां 29 जनवरी को खरीदी गयी थीं. दूसरी किस्त के तहत 05 जनवरी को खरीद की गयी थी.

# यात्री वाहनों की बिक्री 27 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली, 13 जनवरी. देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 26.8 प्रतिशत बढ़कर 3,99,216 इकाई पर पहुंच गयी. यात्री वाहनों में कारें, उपयोगी वाहन और वैन शामिल होते हैं.**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नयी पीढ़ी के सुधारों और रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दरों में कटौती से ऋण पर ब्याज कम होने के कारण पूरी तिमाही में मांग मजबूत बनी रहने से तिमाही और सालाना बिक्री का भी नया रिकॉर्ड बना है. वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसंबर 2025 में दुपहिया वाहनों की बिक्री 39.4 फीसदी बढ़कर 15,41,036 इकाई दर्ज की गयी. तिपहिया की बिक्री 61,924 इकाई पर रही जो एक साल पहले के मुकाबले 17.4 प्रतिशत अधिक है. अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री 20.6 फीसदी बढ़कर 12,76,073 इकाई



रही जिसमें 8,52,498 उपयोगी वाहन शामिल हैं. कारों की बिक्री 20.5 प्रतिशत, उपयोगी वाहनों की 20.9 प्रतिशत और वैन 16.4 प्रतिशत बढ़ी है. वर्ष 2025 की अंतिम तिमाही में दुपहिया की बिक्री 16.9 प्रतिशत बढ़कर 56,96,238 इकाई पर पहुंच गयी.


**भारतीय स्टेट बैंक**
होम लोन सेंटर भोपाल-1 (सार्क विंग)
एच. एल. सी.-1, द्वितीय तल, वाणिज्यिक शाखा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
फोन नं. 0755-2575163,2575170, E-mail : sbi.04484@sbi.co.in

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) [13(4)]**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन के प्रतिभूति-हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम (3) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित ऋणी एवं जमानतदारों को मांग सूचना निम्नलिखित दिनांक के अनुसार जारी किया। इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने केलिये कहा गया था। ऋणी/जमानतदारों द्वारा उक्त राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी/जमानतदारों को और आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम (8) के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित सम्पति को उनके सामने दर्शाये गये दिनांक को कब्जे में लिया है। ऋणी/जमानतदारों को विशेष रूप से आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई व्यवहार नहीं करें और इस सम्पत्ति के बाबत् किए गये कोई भी व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेंटर भोपाल-1 (सार्क विंग), अरेरा हिल्स, भोपाल** को देय ब्याज एवं खर्चो के अध्यधीन प्रभार (Charge) होगा। इस बावत, ऋणी/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (Redeem करने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| बकायादार का नाम | 60 दिवस मांग सूचना दिनांक | नोटिस राशि रू. | बंधक सम्पत्ति का विवरण एवं भवन/प्लॉट की सीमाएँ/स्थिति |
|---|---|---|---|
| **श्री कुलदीप सिंह ओड पुत्र श्री करतार सिंह ओड** **संपत्ति का पता:** 41, ऋषिपुरम चरण-III, आनंद नगर, रायसेन रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश | 04/11/2025 **कब्जा दिनांक** 08/01/2026 | राशि रू. 42,60,438/- + देय ब्याज व अन्य खर्च | आवासीय प्लाट नं. 41, गांधी स्मारक गृह निर्माण सहकारी समिति, ग्राम हाताईखेड़ा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) **क्षेत्रफल:** 1500 वर्ग फुट। **सीमाएँ :** पूर्व - मकान नं. 42, पश्चिम - सड़क, उत्तर-सड़क, दक्षिण-खुला भूमि, **संपत्ति मालिक :** श्री कुलदीप सिंह ओड पुत्र श्री करतार सिंह ओड |

दिनांक : 14.01.2026 **प्राधिकृत अधिकारी**


# एनपीएस में सुनिश्चित पेंशन को लेकर बनी समिति

**नई दिल्ली, 13 जनवरी. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत निवेशकों को सुनिश्चित पेंशन भुगतान उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पेंशन कोष विनियामक एवं फंड विकास प्राधिकरण ने एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है.**

इस समिति की अध्यक्षता भारतीय दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और रेगुलेटरी चैंबर्स के संस्थापक डॉ. एम. एस. साहू करेंगे.

मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार 15 सदस्यीय इस समिति में कानून, बीमा, वित्त, पूंजी बाजार और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल किए गए हैं. जरूरत पड़ने पर समिति को विशेषज्ञों को आमंत्रित करने का भी अधिकार दिया गया है ताकि सुझाव व्यापक और व्यावहारिक बन सकें. इस समिति को व्यवस्थित पेंशन भुगतान पर एक स्थायी सलाहकार निकाय का दर्जा दिया गया है. इसका उद्देश्य एनपीएस के अंतर्गत सुनिश्चित भुगतान की व्यवस्था को नियमों और दिशानिर्देशों के जरिए मजबूत करना है.

## एचसीएल टेक्नोलॉजीज का तिमाही मुनाफा 4 .5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली.** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 4 .5 प्रतिशत बढ़कर 4,795 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. कंपनी ने प्रति शेयर 12 रुपये के लाभांश की घोषणा की है जिसके लिए रिकॉर्ड की तारीख 16 जनवरी रखी गयी है और भुगतान 27 जनवरी को किया जायेगा. यह लगातार 92वीं तिमाही है जब कंपनी ने राजस्व की घोषणा की है.


**पश्चिम मध्य रेल**
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, भोपाल.
No.: C/BPL/NFR/E-Auction/2026/01, Date: 12.01.2026

**वेटिंग रुम संचालन के लिए ठेका स्थापित करने हेतु जगह के आवंटन हेतु ई-ऑक्शन**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल द्वारा एनएफआर के तहत वेटिंग रुप संचालन के लिए ठेका स्थापित करने हेतु जगह के आवंटन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है। ई-ऑक्शन के केट्लोग्स आईआरईपीएस पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) पर उपलब्ध हैं। केट्लोग्स की जानकारी इस प्रकार हैं-

| Sr. No. | Cata-logue Number | Type of Contract | Lot No./Bid No. | Contract Period | Date and Time of close of e-auction |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | C-BPL-WR-JAN- | PNU | PnU-BPL-ET-WRL-17-25-1 | 5 years | 22.01.2026 at15:30 hrs. |

सम्पूर्ण जानकारी, अनुबंध की सामान्य शर्तें एवं अनुबंध की विशेष शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। प्रतिभागी पोर्टल पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते है।
*कृते मंडल रेल प्रबंधक (वा), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल*
**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निदेशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 115993028 | होम लोन | 20.12.2025 | 6,22,352.57/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नाम:** 1. संतोष दरियाव 2. सुगन बाई

**संपत्ति का पता:** मकान संख्या 4/2 का वह पूरा भूखंड, जिसका कुल क्षेत्रफल 1300 वर्ग फुट है, सर्वेक्षण संख्या 109/1, पीएच नं. 05, ग्रामः चंद्रपुरा, तहसीलः बियाओरा, जिलाः राजगढ़, मध्य प्रदेश-465674 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में बने सिंह का मकान, उत्तर में बद्री लाल का मकान, दक्षिण में मान सिंह का मकान।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक: 14.01.2026**
**स्थान: राजगढ़**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**



**प्रपत्र- ए**
(दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड ऑफ इंडिया
(स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2017 के विनियम 14 के अंतर्गत)
क्लाउड्साइनैप्स इंड्यिा प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के संज्ञान हेतु

| | ब्यौरा | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | क्लाउड्साइनैप्स इंड्यिा प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | निगमित होने की तिथि | 24/09/2018 |
| 3. | निगमित/पंजीकरण प्राधिकरण | ROC, ग्वालियर |
| 4. | कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN) | U74999MP2018PTC046668 |
| 5. | पंजीकृत कार्यालय का पता | आईटी प्लाज़ा, ई-8, गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल - 462039, मध्य प्रदेश |
| 6. | परिसमापन प्रारंभ तिथि | 08/01/2026 |
| 7. | परिसमापक का विवरण | मयूरी डागा 194, ओम शिव कॉलोनी, लालघाटी, भोपाल - 462030 ई-मेल: cloudsynapps@gmail-com मोबाइल: 9893640476 पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA&003/IPA&ICAI &N&00459/2024&2025/14467 |
| 8. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 07/02/2026 |
| 9. | प्रासंगिक प्रपत्र | सूचना : https://ibbi.gov.in/en/home/downloads |

**यह सूचित किया जाता है कि क्लाउड्साइनैप्स इंड्यिा प्राइवेट लिमिटेड ने दिनांक 8 जनवरी 2026 से स्वैच्छिक परिसमापन प्रारंभ कर दिया है। सभी हितधारकों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने दावे आवश्यक साक्ष्यों सहित दिनांक 7 फरवरी 2026 तक परिसमापक को प्रस्तुत करें।**
**वित्तीय लेनदार अपने दावे केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। झूठे या भ्रामक दावे दंडनीय होंगे।**
दिनांक: **12.01.2026**
स्थान: भोपाल
**SD/-** मयूरी दगा परिसमापक
पंजी.सं. **IIBBI/IPA-003/IPA-ICAI-N-00459/2024-2025/14467**
**AFA: AA3/14467/02/311226/301457** (31/12/2026 तक वैध)



**E-TENDER NOTICE 2026-27**

IHCL
**THE INDIAN HOTELS COMPANY LIMITED**

We invite tenders for the following items/services for Taj Lakefront, Bhopal unit of Genex Hotels Pvt. Ltd. from reputed suppliers /contractors on annual contract basis for the financial year 2026-27 i.e. from 01 April 2026 to 31 March 2027.

**Food & Beverage Items:** Milk & Milk Products, Paneer, Groceries & Provision Items, Packaged & Whole Spices, Dry Fruits, Atta & Maida, Frozen Green Peas & Corns, Tinned & Bottled Products, Chicken, Mutton, Bread, Eggs and Poultry Products, Fresh & Frozen Prawns and Seafoods, Frozen Meat & Fish Products, Fresh Vegetables (Indian and imported), Fruits, Fresh Noodles, Fresh Kulfi & Falooda, Dry Ice, Ice Cube & Block.

**Other Supplies :** Catering, Cleaning, Packing and other Disposable Items (Food Grade Plastic/ Paper), Printing, Office Stationery & Computer Consumable, General Hardware Items, Sanitary & Electrical items, Plywood, Charcoal, News Papers Supplies.

**Note:** HACCP / ISO certified vendors would be preferred. Certification / labelling for all products & temperature for chilled and frozen items as per FSSAI standard is mandatory.

Vendors can be registered by accessing the web link below to obtain registration/E-Tender forms. E-Tender forms will be available from 13th January 2026 till 22th January' 2026 on the below-mentioned credentials. Those who aspire to apply for tender form allocation should remit online ₹1000/- (non-refundable) to obtain a tender form in each category. Online Vendor registration form dully filled along with quotation should be submitted online on or before 22th January 2026, All Tenderers proposing to apply Should HAVE ALL THE MANDATORY LICENSES TO CONDUCT BUSINESS AND SHOULD be compliant to FSSAI Act / Rules and regulations as of date and APPLICABLE FROM TIME TO TIME.

Certification & Labelling of all the products & temperatures for chilled frozen items as per FSSAI Standards is mandatory. HACCP / ISO Certified Vendor will be preferred. The window for submitting the initial rates will open till the last date 22th January' 2026

**WE THE MANAGEMENT OF TAJ LAKEFRONT BHOPAL A UNIT OF GENEX HOTEL PVT. LTD. RESERVE THE RIGHT TO ACCEPT / REJECT THE TENDER. QUOTE TO BE SUBMITTED ONLINE.**

**NO PRINTOUT / PHYSICAL COPY WILL BE ACCEPTED.**

Link for Downloading Tender Documents & participating for E-tendering Bhopal region- **https://etendering.tajhotels.com/bhopal**

**Last date of Submission of Tender Form is 22.01.2026**
**For further details, please contact:**
**Purchase Department at +91 755 437 0040, +91 88189 05500**

**Link Road No. 3, Prempura, Bhadbhada Chouraha, Bhopal - 462003, India.**